जीरा की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि

पिछले कुछ महीनों में **जीरा** की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

- मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण **जीरा की आपूर्ति और इसकी मांग के बीच अत्यधिक असंतुलन** है। बाज़ार में **जीरा की आवक मांग की तुलना में काफी कम** है जिससे इस मसाले की कमी देखी जा रही है।

जीरा से संबंधित प्रमुख बिंदु:

- **परिचय:**
  - जीरा एक **सुगंधित मसाला है जो भारतीय व्यंजनों का स्वाद बढ़ा** देता है। यह महत्त्वपूर्ण मसालों में से एक है जिसका व्यापक रूप से **पाक कला के साथ-साथ औषधीय प्रयोजनों के लिये उपयोग** किया जाता है।
    - ऐसा माना जाता है कि **भारत में जीरा की उत्पत्ति भूमध्य सागर से** हुई है। जीरा के बारे में **मिस्रवासी 5,000 साल पहले जानते थे और यह पिरामिडों में पाया** जाता था।
- **महत्त्व:**
  - इस पौधे का आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण भाग इसका सूखा बीज है। इसका **उपयोग विभिन्न संस्कृतियों के विभिन्न व्यंजनों में मसाले के रूप में या तो साबुत या पाउडर के रूप में** किया जाता है।
  - जीरे के तेल में **जीवाणुरोधी गतिविधि** होने की सूचना है। इसका उपयोग पशु चिकित्सा दवाओं और विभिन्न अन्य उद्योगों में किया जाता है।

//

- **जलवायु और खेती:**
  - जीरा **उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय दोनों जलवायु** में अच्छी तरह से बढ़ता है और यह सभी प्रकार की मिट्टी में अच्छी तरह से उगता है, लेकिन अच्छी जल निकासी वाली रेतीली दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है।
  - जीरा की खेती **मौसम की स्थिति के प्रति अत्यधिक संवेदनशील** है। इसके लिये नमी रहित मध्यम ठंडी और शुष्क जलवायु की आवश्यकता होती है, इसी कारण **इसकी खेती गुजरात तथा राजस्थान के विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित** है।
    - **जीरा की खेती वाले क्षेत्र** के तौर पर **गुजरात में स्थित उंझा**, इसकी फसल की कीमतें निर्धारित करने वाले प्राथमिक बाज़ार के रूप में उभर कर सामने आया है।
    - गुजरात, देश में प्रमुख जीरा उत्पादक राज्य है।
  - यह एक [रबी फसल] है, जिसकी बुवाई अक्तूबर से नवंबर तक की जाती है और इसकी कटाई फरवरी और मार्च में की जाती है।
- **प्रमुख उत्पादक:**
  - **कुल उत्पादन में लगभग 70% भागीदारी** के साथ भारत विश्व भर में जीरे का सबसे बड़ा उत्पादक है।
  - **सीरिया, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और ईरान** जैसे अन्य देश शेष 30% का उत्पादन करते हैं।
    - इन देशों में गृहयुद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पादन में आई रुकावटों ने **एक प्रमुख उत्पादक के रूप में भारत के महत्त्व को उजागर किया है।**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unprecedented-rise-in-jeera-prices